देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तीन डिपार्टमेंट में तीन अलग-अलग कंपनियों ने चलाया प्लेसमेंट ड्राइव, 9 स्टूडेंट्स को दिए जॉब

जन्माष्टमी पर डीएवीवी में प्लेसमेंट ड्राइव : तीन स्टूडेंट्स को मिला 12 लाख का पैके

सिटी रिपोर्टर | इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के फाइनल ईयर स्टूडेंट्स के लिए जन्माष्टमी का दिन खास रहा। एक ही दिन में तीन अलग-अलग कंपनियों ने आईएमएस, आईआईपीएस और आईईटी के स्टूडेंट्स के लिए प्लेसमेंट ड्राइव ऑर्गनाइज की। ये पहला मौका है जब मल्टीनेशन कंपनी वीएम वेयर पहली बार एमसीए और एमटेक स्टूडेंट्स के प्लेसमेंट के लिए आई। वीएम वेयर ने आईआईपीएस के तीन स्टूडेंट्स को 12 लाख का पैकेज दिया। डेलॉइट यूएस और परसिस्टेंट ने दिन भर की प्रक्रिया के बाद कुल 9 स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर दिए। वहीं डेलॉइट, करीब तीन दिनों की प्रक्रिया के बाद स्टूडेंट्स को चुनेगी। प्लेसमेंट्स में यूनिवर्सिटी की सेंट्रलाइज्ड प्लेसमेंट सेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सेल के डॉ. नितिन नागर ने बताया- बेंगलुरु की एमएनसी वीएम वेयर कम्पनी आईआईपीएस के एमसीए और एमटेक के 37 स्टूडेंट्स को ऑनलाइन टेस्ट के बाद शॉर्ट लिस्ट किया। कंपनी इससे पहले बीई के स्टूडेंट्स को ही चुनती आई थी। शुक्रवार को ग्रुप डिस्कशन के



बाद 15 छात्रों को आगे के राउंड के लिए चुना गया। दो टेक्नीकल राउंड के बाद मैनेजरियल और एचआर इंटरव्यू के बाद तीन स्टूडेंट्स को चुना गया। तीनों को 12 लाख रुपए सालाना का पैकेज कंपनी ने ऑफर किया है। सेल के कॉर्डिनेटर डॉ. सुरेश पाटीदार ने बताया- डेलॉइट कंपनी ने यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू साइन किया है। इसी के तहत कंपनी रिक्रूटमेंट कर रही है। कंपनी ने ऑनलाइन टेस्ट के जरिए आईएमएस और आईआईपीएस के कुल 160 स्टूडेंट्स को चुना है। शुक्रवार को इन स्टूडेंट्स को पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए कंपनी के विषय में जानकारी दी गई। आने वाले दो या तीन दिनों तक चलने वाली जीडी, पीआई और एचआर इंटरव्यू के बाद फाइनल सिलेक्शन होंगे।

इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स क
मिला 8 लाख का ऑफ

परसिस्टेंट कंपनी ने आईई
6 स्टूडेंट्स को चुना। सेल
अवनीश व्यास ने बताया- तीन
बाद यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट के
आई कंपनी ने कंप्यूटर साइंस
आईटी ब्रांच के 140 बच्चों को
राउंड के लिए ऑनलाइन टेस्ट
माध्यम से चुना। शुक्रवार को
4 राउंड्स के बाद 6 स्टूडेंट्स
जॉब ऑफर किए। कंपनी सभी
आठ लाख रुपए का पैकेज दिया